THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| **Date:25/10/22** | **TERM 1 (2022-23)** | **Max marks: 40** |
| **GRADE: 8** | **HINDI ( SECOND LANGUAGE )** | **Time: 2 hours** |

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए ।
2. इस प्रश्न पत्र में दो खंड हैं – 'क' व 'ख' । दोनों खंड अनिवार्य है

| | **खण्ड- क** | अंक |
|---|---|---|
| I | निम्न लिखित अपठित गद्यांश पढ़कर उत्तर लिखिए<br><br>सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।<br>सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है। | 1x5 =5 |
| | 1.दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं?<br><br>(a) अच्छे काम करके<br>(b) दूसरों की प्रशंसा करके<br>(c) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके<br>(d) दूसरों के काम में सहयोग करके | |
| | 2.............दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य पूरा कीजिए।)<br>(a) बुरा काम करना<br>(b) किसी की प्रशंसा सुनना<br>(c) संगीत सुनना<br>(d) किसी के घर जाना | |

| | | |
|---|---|---|
| | 3.दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि, ……। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।)<br>(a) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।<br>(b) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।<br>(c) वे किसी का साथ नहीं देते हैं।<br>(d) वे सबको सम्मान देते हैं। | |
| | 4.मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है?<br>(a) समाज की<br>(b) परिवार की<br>(c) राज्य की<br>(d) शरीर की | |
| | 5.कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है<br>(a) कलई उतरना<br>(b) असलियत का पता चलना<br>(c) भेद प्रकट न करना<br>(d) चमकना | |
| II | **चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन** अर्थ के सही उत्तर **दीजिए।**<br>**1.**पाँख<br>(a) रहस्य<br>(b) पंख<br>(c) दुःख<br>(d) सुगंध<br>**2.जतन**<br>(a) मूल्य<br>(b) मन<br>(c) हस्त<br>(d) ध्यान<br>**3.उर**<br>(a) हृदय<br>(b) दुनिया<br>(c) गरीब<br>(d) अनेक | 1x3 =3 |

| | | |
|---|---|---|
| | **4.जीभी**<br><br>(a) गाली<br>(b) जीभ<br>(c) शत्रु<br>(d) नयन | |
| III | **चार बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं तीन** विलोम शब्द के सही उत्तर **दीजिए।**<br>**1.**सूखी<br>(a) जवाब<br>(b) पंख<br>(c) गीली<br>(d) कम<br>**2.भारी**<br>(a) हल्का<br>(b) अनेक<br>(c) हस्त<br>(d) सम्मान<br>**3. हँसना**<br>(a) जागना<br>(b) रोना<br>(c) दुनिया<br>(d) अनेक<br>**4.जवानी**<br><br>(a) अचानक<br>(b) पवित्र<br>(c) यात्रा<br>(d) बुढ़ापा | 1x3 =3 |
| IV | गद्य खंड से<br><br>**निम्न लिखित पठित गद्यांश पढ़कर उत्तर लिखिए**<br><br>जी, जनाब! सोलहवीं शताब्दी की बात है। बादशाह हुमायूँ शेरशाह से हारकर भागा था और सिंध के रेगिस्तान में मारा-मारा फिर रहा था। एक अवसर पर प्यास से उसकी जान | 1x5=5 |

निकल रही थी। उस समय एक ब्रहमान ने इसी लोटे से पानी पिलाकर उसकी जान बचाई थी। हुमायूँ के बाद अकबर ने उस ब्राहमण का पता लगाकर उससे इस लोटे को ले लिया और इसके बदले में उसे इसी प्रकार के दस सोने के लोटे प्रदान किए। यह लोटा सम्राट अकबर को बहुत प्यारा था। इसी से इसका नाम अकबरी लोटा पड़ा। वह बराबर इसी से वजू करता था। सन् 57 तक इसके शाही घराने में रहने का पता है। पर इसके बाद लापता हो गया। कलकत्ता के म्यूजियम में इसका प्लास्टर का मॉडल रखा हुआ है। पता नहीं यह लोटा इस आदमी मे पास कैसे आया? म्यूजियम वालों को पता चले तो फैंसी दाम देकर खरीद ले जाएँ।

1.इस लोटे ने किसको पानी पिलाया था?
(a) हुमायूँ को
(b) शाहजहाँ को
(c) अकबर को
(d) औरंगजेब को

2.इस लोटा का नाम पड़ा था?
(a) अकबरी लोटा
(b) बाबरी लोटा
(c) मुगल लोटा
(d) बादशाही लोटा


3.हुमायूँ की जान कैसे बची?
(a) अच्छे भोजन खाने से
(b) इलाज कराने से
(c) ब्राहमण द्वारा पानी पिलाने से
(d) ब्राहमण का खाना खाने से

4.अकबर को वह लोटा किससे मिला?
(a) पं० बिलवासी मिश्र के पास
(b) अंग्रेज़ के पास
(c) हुमायूँ से
(d) ब्राहमण के पास से

.
5.किस सम्राट के नाम से इस लोटे का नामकरण हुआ?
(a) हुमायूँ
(b) जहाँगीर

| | | |
|---|---|---|
| | (c) अकबर<br>(d) शेरशाह | |
| V | **निम्न लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों से** पर्यायवाची शब्द के सही उत्तर **दीजिए।**<br><br>**1.**रास्ता<br>(a) जवाब,उत्तर<br>(b) मार्ग ,राह<br>(c) अरी,रिपु<br>(d) कम ,कुछ<br>**2.आलम**<br>(a) हृदय ,दिल<br>(b) अनेक ,ज्यादा<br>(c) हस्त ,कर<br>(d) दुनिया ,जग<br>**3. इजाज़त**<br>(a) अनुमति ,आज्ञा<br>(b) माह ,महीना<br>(c) दुनिया,जग<br>(d) सुगंध ,खुशबु<br>**4.बादल**<br><br>(a) गर्व ,घमंड<br>(b) नयन ,नेत्र<br>(c) नीर ,जलद<br>(d) मन ,हृदय | 1x4=4 |
| | खंड - ' ख ' ( वर्णनात्मक प्रश्न ) | |
| VI | **11.** निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | **( 2x4=8)** |

| | | |
|---|---|---|
| | 1. लाला झाऊलाल को बेटंगी लोटा पसंद नहीं था ,फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया क्यों ?<br>2. पक्षी और बदल भगवान के डाकिये क्यों बताया है ?<br>3. मुहावरे का अर्थ लिखिए<br>a) गुस्सा पीना<br>b) आँखों से ओझल होना<br>4. कबीर घास की निंदा न करने को क्यों कहा ? | |
| VII | रचनात्मक लेखन<br><br>प्रश्न-**14.** निम्नलिखत में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 60 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।<br><br>**(1). अभ्यास का महत्त्व**<br><br>संकेत बिन्दु :<br>• अभ्यास की आवश्यकता<br>• अभ्यास और पशु-पक्षियों का जीवन<br>• सफलता का साधन-अभ्यास<br>• विद्यार्थी और अभ्यास<br>• उपसंहार<br><br>अथवा<br><br>**(2). भारत का प्राकृतिक सौंदर्य**<br><br>संकेत बिन्दु :<br>• प्राकृतिक सौंदर्य<br>• ऋतुओं का अनुपम उपहार<br>• स्वर्ग से भी बढ़कर<br>• उपसंहार | **(4x1=4)** |

| | | |
|---|---|---|
| VIII | **(1). विदेश यात्रा पर जाने वाले मित्रों को शुभकामना के लिए पत्र लिखिए**<br><br>अथवा<br><br>(2). **आपके चाचाजी ने आपको जन्मदिन का उपहार भेजा है। उपहार भेजने के लिए धन्यवाद देते हुए उन्हें पत्र लिखें।** | **(4x1=4)** |
| IX | **(1)**. नीचे दिए गए चित्र में दिखाई दे रहे दृश्य का कल्पनाशक्ति के आधार पर लगभग **100** शब्दों में वर्णन कीजिए।<br><br> | **( 4x1=4)** |